तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 14 जनवरी 2024



11 घर-घर पहुंची कलश यात्रा, की दीए जलाने की अपील



12 मड़ई मेला खुशियों और समृद्धि के साथ एकता का है प्रतीक : विधायक






## खबर संक्षेप

### आज संकल्प यात्रा शिविर हरिहर हाई स्कूल मैदान में

**नवापारा राजिम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन आज 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक हरिहर हाई स्कूल मैदान में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए नवापारा नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि इस शिविर में भारत सरकार के फ्लैगशिप स्कीम एवं विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आधार कार्ड आदि का पंजीयन किया जाएगा। सीएमओ श्री विश्वकर्मा ने शहर के लोगों से आग्रह करते हुए इस भारत संकल्प यात्रा शिविर का लाभ लेने के लिए आग्रह किया है।

### मकर संक्रांति पर संगोष्ठी 15 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मकरसंक्रांति पर सकारात्मक परिवर्तन के अंतर्गत स्वर्णिम समाज बनाने में नारी का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खड़मा के ओम शाँति भवन में 15 जनवरी को दोपहर 2 बजे से किया गया है। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के माताओं, बहनों को आमंत्रित किया गया हैं।

### धान से भरा ट्रक पलटा, चालक सुरक्षित





**रसेला।** शनिवार को सुबह रसेला से छुरा मुख्य मार्ग पर टेंगनाबासा के करीब कनसिधी सेवा सहकारी समिति धान उपार्जन केन्द्र से धान परिवहन हेतु लोड़ होकर ट्रक आ रहा था। अचानक गाड़ी का बैलेंस बिगड़ने से धान से भरें ट्रक पलट गया। जहां घटना को देखकर ग्रामीण और आने जाने वाले की भीड़ लग गई, और समीप जाकर देखा तो चालक सही सलामत था, ट्रक को नुक्सान पहुंचा है। एक पहिया सड़क होने के कारण आए दिन हो रहें हादसे, ट्रक को देख कर सड़क से वाहन को नीचे उतारते समय कई बार बाइक अनियंत्रित होने से लोग गिरकर घायल हो जातें हैं। वहीं इस सड़क मार्ग की चौड़ाई कम है।

# जितने भी कार्यकर्ताओं ने साथ दिया, उनका मैं हमेशा ऋणी रहूंगा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद गरियाबंद नगर आगमन पर बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव का कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक में गाजे–बाजे, आतिशबाजी और फूल–मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही उन्हें धान से भी तौला गया। विधायक ध्रुव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा चौक से पैदल कांग्रेस भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आम जनता का अभिवादन किया। वहीं स्वागत के दौरान विधायक ध्रुव स्कूली छात्राओं से भी मुलाकात कर उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की, जिससे कि विधायक से मिलकर छात्राएं काफी उत्साहित दिखीं।

**गरियाबंद नगर आगमन पर विधायक जनक राम ध्रुव का कांग्रेसियों ने किया स्वागत**





**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर युगल पाण्डेय, अमित मिरी, केशू सिन्हा, अमृत पटेल, कृष्ण कुमार शर्मा, महेंद्र राजपूत, रमेश मेश्राम, सेवा गुप्ता, वीरू यादव, श्रद्धा राजपूत, नंदिनी त्रिपाठी, सविता गिरी, मजरी गुप्ता, प्रतिभा पटेल, ज्योति सहानी, मंजू ध्रुव, भानु सिन्हा, शत्रुघ्न ध्रुव, डीलेश्वर देवांगन, सूरज यादव, मोहन ध्रुव, प्रेम सोनवानी, वीरेंद्र ठाकुर, प्रेम नेताम, चित्रसेन साहू, वालेश मरकाम, आत्मा राम, प्रदीप यादव, कुशल देवांगन, द्वारिका ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाएं :** बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने अपनी जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की मेहनत को श्रेय देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के द्वारा आभार रैली का आयोजन किया था। एक–एक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि बिंद्रानवागढ़ में 15 वर्षों से काबिज भाजपा को शिकस्त देते हुए कांग्रेस को जिताया है। विधायक ध्रुव ने कहा कि संघर्ष के समय जितने भी कार्यकर्ताओं ने साथ दिया, उनका मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता जुट जाए। कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में रणनीति तैयार की जाएगी।

**स्वच्छता अभियान फेल:** अधिकारियों की जानकारी में है, फिर भी कोताही

# स्वच्छता पर लाखों खर्च के बावजूद भी नतीजा जीरो, कीचड़ व गदंगी के हैं ढ़ेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर








केंद्र सरकार द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान के लिए जन जागरूकता चलाया जा रहा है। जगह - जगह शिविर का आयोजन किया जा रहा है और शासन स्तर पर लाखों रूपये खर्च भी किया जा रहा है लेकिन तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय के ठीक सामने जयंती नगर जाने वाला मार्ग के सामने कीचड़ और गदंगी का ढेर लगा हुआ है और तो और यहीं पर एक सरकारी हेडपम्प है। जिससे पुरे मोहल्ले के लोग पीने के लिए पानी भरते है और हेडपम्प के चारो ओर गंदगी तथा कचरों ढ़ेर के कारण संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। जनपद से लेकर स्थानीय अधिकारी इस मार्ग से प्रतिदिन आना- जाना करते है। लेकिन यह कीचड गदंगी तथा कचरों के ढ़ेर उनके नजरों से कैसे ओझल हो जा रहा है। समझ से परे है, एक तरह से मैनपुर नगर में जगह - जगह कचरों का ढेर स्वच्छ भारत मिशन अभियान के धज्जिया उड़ती नजर आ रही है, जब तहसील मुख्यालय जनपद पंचायत के सामने यह हाल है तो दूरस्थ वनांचल के ग्रामों के बारे में आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि साफ - सफाई कागजी रूप से न कर धरातल पर किया जाए तो केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ से निश्चित रूप से लोगो के जीवन में बदलाव देखने को मिलेगा।

### लोगों ने की सफाई कराने की मांग

नगर के वरिष्ठ नागरिक रामकृष्ण ध्रुव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, गोविंद पटेल, सोतन सेन, रुद्रेश्वर साहू, बलदेव नायक ने बताया कई बार कचरो की साफ- सफाई की मांग कर थक चुके हैं। लेकिन सही तरीके से साफ -सफाई कार्य अब तक नहीं हुआ है और नगर में कचरा फेंकने के लिए कोई स्थाई व्यवस्था भी जनपद व पंचायत प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि कचरो को एक जगह एकत्र करने के लिए इतने बड़े नगर में कूड़ा दान का निर्माण किया जाना चाहिए और नियमित रूप से इसकी सफाई किया जाना चाहिए। मैनपुर नगर के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम मैनपुर से मांग किया है कि मैनपुर नगर की साफ - सफाई के लिए स्थानिक प्रशासन को आदेश किया जाए। जिससे नगर के लोगों को सुविधा मिल सके।



### जनप्रतिनिधि दे रहे सिर्फ आश्वासन

नगर में चाहे साप्ताहिक बाजार हो या शिक्षक कॉलोनी मार्ग, बस स्टैंड के पीछे गांधी मैदान चारों तरफ कचरो का ढेर का अंबार लगा हुआ है और साफ- सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार नगर के लोगों ने साफ- सफाई करने की मांग कर थक चुके हैं। लेकिन संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसर और स्थानीय जनप्रतिनिधि केवल लोगों को आश्वासन देते हैं आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिल रहा है। मैनपुर साप्ताहिक बाजार के भीतर बेरोजगार युवकों के लिए कंपलेक्स शेड़ का निर्माण किया गया है। लेकिन कंपलेक्स शेड के चारों तरफ गंदगी का ढेर लगा हुआ है। स्थिति यह निर्मित हो गई है की शटर तक नहीं खुल पा रहे हैं। साप्ताहिक बाजार के भीतर कचरो के देर के कारण बाजार में व्यवसाय करने वाले व्यापारी भारी परेशान हो रहे हैं। नेशनल हाईवे के किनारे भी जगह-जगह कचरों का ढेर है।

# प्राचीन राम मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 14 जनवरी से शुरू प्रतिदिन एक धार्मिक स्थलों पर झाडू चलाई जाएगी। यह कार्यक्रम आगामी 21 जनवरी तक सुबह लगातार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू सहित भाजपा के नेतागण, जनप्रतिनिधि, स्वच्छता मित्र तथा स्वच्छता अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। स्वछता टीम भी हाजिरी लगाएगी तथा धार्मिक स्थलों पर साफ - सफाई का जादू चलेगा। इनमें प्रमुख रूप से 14 जनवरी को प्राचीन राम मंदिर प्रांगण राजिम, 15 जनवरी श्री राजीवलोचन मंदिर प्रांगण, 16 जनवरी तीन नदियों के संगम पर स्थित पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव प्रांगण एवं लोमस ऋषि आश्रम, 17 जनवरी कोपेश्वरनाथ महादेव कोपरा, 18 जनवरी सिरकट्टीआश्रम परिसर कुटेना पांडुका, 19 जनवरी दुर्गा मंदिर प्रांगण किरवई, 20 जनवरी फणिकेश्वरनाथ मंदिर फिंगेश्वर, 21 जनवरी बावा कुटी मांडव्य ऋषि आश्रम फिंगेश्वर में साफ सफाई किया जाएगा। बताना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन् 2014 में सत्ता में आते ही स्वच्छता पर फोकस किया और वर्तमान में पूरे देश स्वच्छ भारत के नाम से जाना जाता है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। यह वह हथियार है जिसके जरिए बीमारियां हमसे कोसों दूर हो जाती है और एक स्वच्छ वातावरण मिलता है।



■ विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में धार्मिक स्थलों की होगी साफ -सफाई

# नायब तहसीलदार ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

विकाश खंड छुरा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंचकर नायब तहसीलदार योगेश राजपूत ने किया निरीक्षण। इस दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु अपनाईं जा रही आफलाईन एवं आनलाईन प्रक्रिया के बारे में पूछा और कर्मचारी को निर्देशित किया कि मतदाता सूची में नाम नाम जोड़ने, काटने, सुधारने आदि के लिए आनलाईन प्रक्रिया को अपनायें। इस दौरान उन्होंने अब तक जोड़ गये नये नामों की भी जानकारी ली। राजपूत ने बताया कि वही नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। इसके अलावा मृत अथवा स्थानांतरित मतदाता के नाम को विलोपित तथा आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ लिंक करवाया जा सकता है। साथ ही नवीन मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। नायब तहसीलदार योगेश राजपूत ने आम जन से आग्रह करते हुए कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र बनाने में सहभागिता निभाएं।



## हाईवे को पार कर पहुंचा हाथियों का दल...



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के सीतानदी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाथियों का दल विचरण कर रहा है। शनिवार को नगरी – धमतरी मुख्य मार्ग में नेशनल हाईवे को पार कर हाथियों का दल सीतानदी टाईगर रिजर्व के तरफ बढ़ रहा है।

# नवापारा में राजिम भक्त माता जयंती आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नवापारा नगर परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा भक्तमाता राजिम जयंती एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सर्वप्रथम सुबह 11 भक्त माता राजिम मंदिर में पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी जो की दोपहर 12 बजे कलश शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। जो बस स्टैंड-सुभाष चौक सदर-बाजार सब्जी मंडी नेहरु घाट गंज रोड होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। वही मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें साहू समाज के प्रमुख जन विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री सहित अनेक समाज प्रमुख उपस्थित रहेंगे। इसी तारतम्य में कार्यक्रम की तैयारी हेतु शुक्रवार को मंदिर परिसर साहू छात्रावास में नगर साहू समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तैयारी संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से नगर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू, संरक्षक गण मेघनाथ साहू, परदेसी राम साहू, प्रेमलाल साहू, छन्नू लाल साहू सहित अनेक समाज प्रमुख उपस्थित थे।

**शिव - पार्वती विवाह व तारकासुर वध का प्रसंग सुनाया**

# आत्म विश्वासी वही हो सकता है, जिसे ईश्वर पर विश्वास हो : पं. अमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शुभ भावनाओं की उत्पत्ति के लिए श्रद्धा, निष्ठा, समर्पण और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। आत्मविश्वास का अर्थ न आत्ममुग्धता होती है और न ही निरर्थक अंहकार। आत्मविश्वासी केवल वह हो सकता है, जिसे ईश्वर पर विश्वास हो। जिसे परमात्मा की कार्य योजना, विधि व्यवस्था ईश्वरी नियमों पर अटुट श्रद्धा हो। जब इस विश्वास के साथ सृष्टि की नियंता अच्छे बुरे सभी कर्मो का साथी है। और उन्ही के अनुरूप फल देता है। कार्य किये जाते हैं तो वे कभी कदमों को गलत दिशा में मुड़ने नहीं देते। यह बात परसदाकला में चले रहे शिव महापुराण कथा में पंडित अमन शर्मा ने कही।

### भगवान शिव ने सबसे पहले सती से किया था विवाह

व्यास पीठ कथाकार पं. अमन शर्मा कहा कि ऐसा भी कहा जाता है कि भगवान शिव ही दुनिया को चलाते हैं। वह जितने भोले हैं उतने ही गुस्सै वाले भी हैं। शिव- पार्वती विवाह प्रसंग पर कहा कि भगवान शिव का विवाह बहुत ही अनूठा और और अद्भूत था। भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया। जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ में कूदकर आत्मदाह कर ली। इस घटना के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। तारकासुर नाम के एक असुर का उस समय आतंक था। देवतागण उससे भयभीत थे। तारकासुर को वरदान प्राप्त था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है।





### संजीव झांकी निकाली गई

ग्राम परसदाकला में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 9 से 15 जनवरी तक जारी है। कथा के चौथा दिन शिव पार्वती विवाह, तारकासुर वध, जालंधर बंध प्रसंग सुनाया गया। जिसमें संजीव झांकी निकाली गई। रविवार को तुलसी उत्पत्ति, बाणासुर वध, सोमवार को द्वादष ज्योतिर्लिंग महात्म्य पर कथा होगी। कथा सुनने मुख्य रुप से कोमल ललिता निषाद, चमन द्रोपती निषाद, रोशन पुजा देवांगन, टानेश्वर, भुमिका निषाद, छबि पद्मा साहू, जनक देवांगन, राजू सेन, रवी साहू, नारद साहू, पंकज देवांगन, सरपंच कांति निषाद, मोहन निषाद, विश्राम निषाद, युवराज, फिगेंश्वर, लालपुर, खुडसा, गनियारी सहित आसपास के श्रद्धालु श्रवण करने पहुंच रहे हैं।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस संचार विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त हुए विकास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने विकास तिवारी को छग कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग का वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त किया है। श्री तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मीडिया कार्यों के संपादन की भी जिम्मेदारी दी गई है। श्री तिवारी वर्तमान में राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के प्रदेश प्रतिनिधि हैं। श्री तिवारी लंबे समय तक मीडिया विभाग में प्रवक्ता और प्रदेश सचिव भी रहे हैं।

### राज्य उपभोक्ता आयोग के कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने किया। इस अवसर पर कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष शर्मा, हरिशचंद दीपक, अफरोज खान, केशव शर्मा, राजकिशोर सिंह, प्रतीक तिवारी, राकेश त्रिपाठी समेत प्रदेश के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### तीन अफसरों को अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** राज्य शासन ने तीन आईएएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। डॉ. कमल प्रीत सिंह को प्रबंध संचालक छग रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यशवंत कुमार को सचिव ग्रामोद्योग विभाग का तथा अविनाश मिश्रा को प्रबंध संचालक स्मार्ट सिटी रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ऑनलाइन स्व-पंजीयन का कार्य प्रगति पर

**रायपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत शासन की आरटीआई ऑनलाइन वेबपोर्टल में स्व-पंजीयन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार अब तक 8 हजार 500 से अधिक जनसूचना अधिकारी एवं 5 हजार 490 से अधिक प्रथम अपीलीय अधिकारी ऑनबोर्डिंग हो चुके हैं। राज्य सूचना आयोग ने राज्य के ऐसे सभी जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों से कहा है कि जिन्होंने आरटीई पोर्टल में स्व-पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की है, वे जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लें। आरटीआई पोर्टल में जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के स्व-पंजीयन करने के विषय पर राज्य सूचना आयोग के द्वारा अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ने लगी मानसिक समस्या की शिकायतें, पीएचसी स्तर पर हो रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न कारणों से अब शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी मानसिक समस्या की शिकायत बढ़ने लगी है। पूर्व में जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इसकी काउंसिलिंग और उपचार की सुविधा दी जाती थी, जिसका स्तर अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कर दिया गया है। बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ मरीजों की स्क्रीनिंग और समस्या होने पर इलाज के साथ दवा भी दे रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसिक समस्या की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इसकी वजह कई प्रकार की हो सकती है, जिसमें शारीरिक, पारिवारिक अथवा नशे की लत भी शामिल हो सकती है। पहले यह समस्या शहरी इलाकों में अधिक थी, मगर मानसिक तनाव की समस्या से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले भी घिरने लगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अब मानसिक स्वास्थ्य पर स्क्रीनिंग, काउंसिलिंग और इलाज की व्यवस्था प्राथमिक स्तर पर भी देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए निमहंस बेंगलुरु की मदद से मनोचिकित्सक तथा सामुदायिक और प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्राथमिक स्तर पर काउंसिलिंग और उपचार करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। जिला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के मुतबिक रायपुर जिले के सामुदायिक के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सप्ताह में अलग-अलग दिन के हिसाब से मानसिक स्वास्थ्य के मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया जा रहा है।

## बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ कर रहे मरीजों की काउंसिलिंग, दे रहे दवा

### अधूरी रह गई जमीन की तलाश

राजधानी में मानसिक समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए अलग से अस्पताल बनाने की योजना थी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर-निगम और जिला प्रशासन की मदद से जमीन की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए कुछ शासकीय अस्पतालों की रिक्त भूमि का भी अवलोकन किया गया था। इसी बीच राजधानी में बड़े अफसरों की जिम्मेदारी का फेरबदल हुआ और योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान में राजधानी में मानसिक समस्या से संबंधित शिकायतें तो बढ़ रही हैं, मगर इसके उपचार के लिए पृथक से व्यवस्था नहीं हो पाई है।



### जिला अस्पताल में बेड की व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक पहले जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में आने वाले मरीजों का इलाज ओपीडी के माध्यम से किया जाता था। कुछ समय पहले स्पर्श क्लीनिक का संचालन जिला अस्पताल के मुख्य भवन में शुरू किया गया और वहां आने वाले मानसिक तनाव के मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करने दस बेड की व्यवस्था भी कई गई। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज करने वाले चिकित्सकों को समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान गेट का दरवाजा खोला

# साढ़े चार साल बाद खुला बूढ़ा तालाब बायपास रोड, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं को मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब से विवेकानंद सरोवर जाने वाले बायपास रोड को करीब साढ़े चार साल बाद खोल दिया गया। इस मार्ग को नगर निगम ने चौपाटी खोलने के लिए बंद कर रखा था। इसके कारण बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डंगनिया, सुंदरनगर सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वाली दानी गर्ल्स स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रास्ता खोले जाने से छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। उन्हें अब लंबा सफर तय कर कालीबाड़ी से घूमकर जाना नहीं पड़ेगा। बायपास रोड से छात्राएं कम समय में घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंच पाएंगी। स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दानी गर्ल्स स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दानी स्कूल के बच्चों से किया वादा भी पूरा किया। श्री अग्रवाल ने बूढ़ा तालाब से स्वामी विवेकानंद सरोवर की तरफ जाने वाले बायपास रास्ते को फिर से चालू किया। उन्होंने पिछले करीब साढ़े चार साल से बंद इस बायपास रास्ते की बाधा को दूर किया और अपने हाथों से गेट का ताला खोला। दानी स्कूल की छात्राएं काफी समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते की मांग कर रही थीं। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं में खुशी का माहौल छा गया। इस दौरान बच्चों ने जय-जयश्री राम के जमकर नारे भी लगाए।

### रविवार तक शेष बाधा भी कर दी जाएगी दूर

दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे गेट का दरवाजा छात्राओं के लिए खोल दिया है, लेकिन इस मार्ग पर अभी भी काम चल रहा है। इस मार्ग पर दीवार खड़ी करने से लेकर चौपाटी के लिए जो निर्माण कार्य किए गए थे, उन्हें हटाने का काम अभी भी जारी है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में काम खत्म हो जाएगा। संभवतः सोमवार से इस मार्ग पर आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

# दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या, तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को आजीवन कारावास तथा डेढ़-डेढ़ हजार रुपए जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को अतिरिक्त दो-दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिरेंद्र सिंह टेकाम एट्रोसिटीज की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक सांई किरण की हत्या के आरोप में कोर्ट ने रूद्र कुमार साहू उर्फ राहुल, योगेश भारती उर्फ सोनू चौहान तथा भूषण निषाद को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक बदमाशों ने 22 फरवरी 2020 को सांई किरण की चाकू से हमला कर हत्या की थी। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल सांई किरण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी।



### गाड़ी ठीक से चलाने कहने पर चाकू मारा

मृतक के दोस्त तथा घटना के प्रत्यक्षदर्शी आयुश सिंह ने कोर्ट को बताया कि घटना दिनांक को वह सांई किरण के साथ उसकी दोपहिया पर सवार होकर निकला था। बाइक में सवार तीनों बदमाश रास्ते में कट मारते हुए निकले, तब आयुश ने उन्हें ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर बदमाशों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद बदमाशों ने आयुश तथा उसके एक अन्य साथी पर हमला किया, तब आयुश ने एक मोची की दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाशों ने सेलून में बाल कटा रहे सांई किरण की कमर में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल किया और मौके से फरार हो गए।

### *अवंती विहार मार्ग को अटल मार्ग घोषित करने की मांग*

*रायपुर। अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं महामंत्री किशोरचंद नायक ने बताया की राजधानी रायपुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की एकमात्र प्रतिमा अवंती विहार अटल चौक (एटीएम चौक) में व्यापारी संघ की ओर से स्थापित की गई है। श्री राठी ने कहा की अटलजी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है, जिसके कारण आज हम अपने घर–दुकान–कार्यालय के पते पर अंत में /"छत्तीसगढ़/" लिख रहे हैं। उन्होंने ने कहा की अवंती विहार मुख्य मार्ग का नामकरण अटल मार्ग करने से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अटलजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।*

# पुलिसकर्मियों को नए कानून का पाठ पढ़ाने आईजी, एसएसपी की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पाठशाला में पढ़ाने पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी के कानून के प्रध्यापक पहुंचे
- पाठशाला में पढ़ने 38 पुलिस अफसर पहुंचे

अंग्रेजों के समय से चले आ रहे डेढ़ सौ साल पुराने कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। नए अपराधिक कानून को लेकर शुक्रवार को पुलिस अफसरों के साथ विवेचकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचक, मददगार, टीआई सहित 38 पुलिस अफसर शामिल हुए। नए कानून की जानकारी देने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से कानून के प्रध्यापक भी पहुंचे। नए कानून संबंधित जानकारी देने कार्यशाला में रेंज आईजी आरएल डांगी, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल तथा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से डॉ. वेणुधर रावतिया पहुंचे थे। पुलिस अफसर तथा प्रध्यापक ने पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके सवालों का जवाब दिए। पुलिस अफसरों के मुताबिक पुलिस कर्मियों को नए कानून के तहत मामले की जांच करने तथा अपराध संबंधित धारा को लेकर किसी तरह से परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए भारतीय अपराध कानून में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में पुलिस अफसर, टीआई तथा पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई।

# बच्चे को स्कूल से घर ला रही स्कूटी सवार महिला को कार ने मारी ठोकर, मौत

## 10 साल का बेटे का पैर फ्रैक्चर, स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा, डीडीनगर क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


डीडीनगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ फेस-2 कालोनी में स्कूल से बच्चे को स्कूटी में लेकर लौट रही महिला को एक तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से महिला स्कूटी से उछलकर सड़क पर जा गिरी। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से महिला की मौत हो गई। स्कूटी सवार महिला का 10 वर्षीय बेटा घायल हो गया। बच्चे का एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। एक्सीडेंट में बच्चे के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। भागने की कोशिश कर रहे कार चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। घटना शुक्रवार दोपहर दो से ढाई बजे के बीच की बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक ओडिशा पासिंग की थार नामक वाहन में ठोकर लगने से इंद्रप्रस्थ फेस-2 कालोनी निवासी कुसुमलता दुबे की मौत हुई है और उनका बेटा घायल हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने मूलतः ओडिशा, भवानीपटनम निवासी आकाश दास को गिरफ्तार किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आकाश दास अपने साथियों के साथ कार को मस्ती पूर्वक चला रहा था। टर्निंग के पास आकाश गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया और सामने से आ रही महिला की स्कूटी को ठोकर मार दी। घटना के बाद घबराया कार चालक ने महिला और बच्चे की सुध लेने के बजाय मौके से भागने की कोशिश की। इस पर स्थानीय लोगों ने कार को घेरकर रोक लिया और आकाश को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।






आरोपी



मृतका

- भागने की कोशिश कर रहे कार चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया
- आरोपी युवक इंद्रप्रस्थ में किराए का मकान लेकर पढ़ाई कर रहा था

### नशे में होने की पुष्टि नहीं

चार चालक और उसके साथी नशे में थे या नहीं, इसकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट के बाद कार चालक के नशे में होने या नहीं होने की पुष्टि होने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में कार युवक के नाम से रजिस्टर्ड होना पाया गया है।

# नगर निगम की 43 पानी टंकियों की दीवारों की होगी सफाई, डीडीनगर टंकी से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केमिकल स्प्रे से सफाई, वाल्व को किया साफ

नगर निगम का जल विभाग शहर में स्थित अपनी 43 पानी टंकियों की विशेष सफाई के लिए सफाई अभियान चला रहा है। इसकी शुरुआत गुरुवार को डीडी नगर स्थित पानी टंकी से हुई। 3200 किलोलीटर क्षमता वाली इस पानी टंकी की दीवारों की सफाई करवा कर उसकी दीवारों को केमिकल से कीटाणु मुक्त करने केमिकल स्प्रे कराया गया। इसके साथ ही टंकी की तली में जमी गाद को निकालने काम किया गया। राजधानी वासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने नगर निगम क्षेत्र की पानी टंकियों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है। जोन 5 के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर पानी टंकी को साफ कराने मजदूरों की टीम उतारी गई। पानी टंकी की दीवारों को केमिकल से कीटाणुमुक्त करने वाल्व की कैमिकली स्प्रे से सफाई कराई। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, 1 दिन में एक पानी टंकी की सफाई पानी टंकी की तलछटी में जमी गाद को साफ करके सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति की जाएगी। 43 पानी टंकियों को साफ करने 15 फरवरी तक का समय अनुबंधित एजेंसी को दिया गया है।



### गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति देश की धरोहर



**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आरआर बाघ राजधानी पहुंचे, जिनका रायपुर के वकीलों ने स्टेशन रोड में उनका स्वागत किया। श्री बाघ, गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति को एक नई पहचान दिलाने के लिए ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में गांड़ा महोत्सव के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। श्री बाघ ने कहा कि गांड़ा समाज की संस्कृति देश की धरोहर है, जिसे एक नई पहचान दिलाने के लिए हम गांड़ा महोत्सव का आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। इसे जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। अधिवक्ता बाघ के स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता भगवानू नायक, बिमला तांडी, आनंद मुगरी, पारस नायक आदि उपस्थित थे।

# दिसंबर के बिजली बिल में राहत की डबल ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नवंबर में बिजली की कीमत कम होने के साथ ऊर्जा प्रभार में लगने वाले शुल्क की दो माह की अंतर की राशि की भी वापसी

प्रदेशभर के 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को दिसंबर के बिजली बिल में राहत की डबल ठंडक का अहसास हो रहा है। उपभोक्ताओं को नवंबर की बिजली की कीमत में राहत मिली है। नवंबर की बिजली चार फीसदी सस्ती हुई है। इस माह ऊर्जा प्रभार पर अक्टूबर से 4.13 फीसदी शुल्क कम लग रहा है। अक्टूबर में ऊर्जा प्रभार पर 11.17 फीसदी शुल्क था, जो अब घटकर 7.04 हो गया है। इसी के साथ विधानसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के कारण सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय नहीं हो सकी थी, वह भी तय होने से इन दो माह के शुल्क में भी करीब तीन फीसदी का फायदा उपभोक्ताओं को मिल रहा। दोनों के बिल का समायोजन भी दिसंबर के बिल में होने से उपभोक्ताओं को दिसंबर का बिल जो जनवरी में आ रहा है, उसमें डबल राहत मिल रही। यही नहीं ठंड होने के कारण इस समय खपत भी कम होने से बड़ा फायदा मिल रहा है।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के रूप में बिजली की कीमत बढ़ने से अंतर की राशि वसूली जाती थी, लेकिन इसको केंद्र सरकार ने नए सत्र अप्रैल से बंद कर दिया है। इसके स्थान पर केंद्रीय सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग ने अब उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू कर दिया है। एफपीपीएएस में पहले माह 5.3 प्रतिशत शुल्क लगा था, लेकिन दूसरे माह में शुल्क डबल हो गया और दस फीसदी ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगा। तीसरे माह 14.23 फीसदी शुल्क लगा। चौथे माह जुलाई में शुल्क में कमी आई और यह 11.23 फीसदी हो गया। इसके बाद अगस्त में कमी आई और शुल्क 10.31 प्रतिशत हो गया, लेकिन सितंबर में आचार संहिता के कारण फेरबदल नहीं हो सका, तो ऐसे में अक्टूबर में सितंबर का जो बिल आया था, उसमें अगस्त की खपत पर ऊर्जा प्रभार में 10.31 प्रतिशत के हिसाब से शुल्क लिया गया। इसी तरह से दिसंबर में अक्टूबर का जो बिल आया, उसमें भी अगस्त का ही 10.31 प्रतिशत का शुल्क लिया गया।




### दो माह के पुराने बिल में भी फायदा

अगस्त में 10.31 प्रतिशत ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लिया गया। यही शुल्क सितंबर और अक्टूबर में भी लिया गया। अब सितंबर का शुल्क 6.47 फीसदी तय हुआ है। ऐसे में उपभोक्ताओं को इस माह के बिल में 3.84 फीसदी का लाभ मिलेगा। इसके बाद अक्टूबर का शुल्क 11.17 प्रतिशत हो गया। यानी अगस्त से करीब एक फीसदी ज्यादा। ऐसे में सितंबर और अक्टूबर के बिलों का समायोजन होने के बाद उपभोक्ताओं को करीब तीन प्रतिशत का लाभ दिसंबर के बिल के साथ मिल रहा है। इसमें खपत के हिसाब से 25 रुपए से लेकर तीन सौ रुपए तक बिल कम आ रहा है। इसी के साथ नवंबर में भी 4.13 फीसदी शुल्क अक्टूबर की तुलना में कम लग रहा है।

## खबर संक्षेप

### कोहरे के बीच सूर्य उदय का मनोरम दृश्य...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज सुबह ठंड और कोहरे के बीच सुर्य उदय का मनोरम दृश्य का फोटो को शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद किया।

### मोडिफाई सायलेंसर 12 हजार का फटका

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में बुलेट में मोडिफाई सायलेंसर चलाने वाले एक वाहन मालिक को कोर्ट ने 12 हजार रुपए का जुर्माना किया है। पुलिस के मुताबिक कोर्ट ने अभिजीत सिंह को जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार तीन दिन पूर्व 10 दिसंबर को पेट्रोलिंग पार्टी ने अभिजीत को टाटीबंध के पास मोडिफाई सायलेंसर लगाकर बुलेट चलाते पकड़ा था।

### धक्का लगने के विवाद में हत्या की कोशिश

**रायपुर।** खरोरा थाने में एक युवक ने दो अन्य युवक तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ धक्का लगने के विवाद में उसके ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महासमुंद निवासी हिरेंद्र साहू ने सोनू, कमल कर्रा तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। हिरेंद्र ने पुलिस को बताया कि सोनू तथा उसके साथियों ने खरोरा स्थित गुरुवारी बाजार में धक्का लगने की बात को लेकर विवाद करते हुए उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

### निधन

### सुनील लाल

**मैनपुर।** नगर के लाल बासा के मालिक और वरिष्ठ नागरिक सुनील लाल उम्र 74 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। निधन पर मैनपुर क्षेत्र के लोगों ने श्रध्दाजंली अर्पित किया है।



## अक्षत कलश की निकली गई शोभायात्रा



राजिम। शीतला पारा वार्ड 20-21 में अयोध्या से आये निमंत्रण रूपी अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पूर्व पार्षद भूपेंद्र सोनी, पार्षद पदमनी सोनी, धरम साहू, मुकेश निषाद, हुकुम साहू, राकेश राजपूत, अनुपम साहू,नीता धीवर, कुलेश्वरी सोनी, किरण राव, सरिता ठाकुर, गायत्री साहू, अनिता सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी सम्मिलत हुए।

## घर-घर पहुंची कलश यात्रा, की दीए जलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम पतोरी में बजरंग दल सह ग्रामवासी ने रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर अक्षत कलश यात्रा के साथ ही अक्षत आमंत्रण यात्रा गांव की घर -घर पहुंची। साथ में सैकड़ों महिलाएं, युवतियां, युवक ग्रामवासी चल रहे थे। सभी ने एक साथ जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाएं। वहीं घर-घर शालीनता के साथ दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। और अयोध्याधाम में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की आमंत्रंण व जानकारी दी। वहीं 22 जनवरी को दीपावली पर्व के सामान ही पर्व मनाने और घरों में दीए जलाने की अपील भी की।। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग, महेश साहू, ओमबाई ,सावित्री, रामती,रजनी, कुंती, कुंज,रीता, रीतू, लीला, झुनिया, चन्दर, सागर, त्रिवेनी, बैगा, बोधराम, पुरुषोत्तम, प्रेमलाल, महेश, शांतिलाल, समारू, रुपु, नूतन, हुलस, सुकलु, रिखी, राधु, ओम प्रकाश इत्यादि शामिल थे।

### हजारों की संख्या में अंचलवासियों ने सीखा जीवन जीने की दिव्य कला

# आत्मशक्ति जागरण का सशक्त माध्यम है योगः स्वामी परमार्थदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



एक दिवसीय विशेष इंटीग्रेटेड योग शिविर का आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुरा प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित हुआ। योग को जन जन तक पहुंचाने वाले योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के विशेष कृपापात्र शिष्य डॉ. स्वामी परमार्थदेव के पावन सानिध्य में ऐतिहासिक योग शिविर का लाभ पूरे क्षेत्रवासियों ने लिया।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी संत से योग सीखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया के माध्यम से जिन योगगुरू को देखकर योग करते थे, उन्हें भौतिक रूप से देखने, उनसे वैदिक मंत्रों, योग सूत्रों द्वारा अष्टांग योग को सीखने अलसुबह ही अंचलवासी शिविर स्थल पहुंच चुके थे। सर्वप्रथम उपस्थित जनसमूह ने पवित्र ओम के उच्चारण के साथ पुष्प वर्षा करते हुए स्वामी का दिव्य स्वागत किया। शास्त्रीय संगीत के साथ मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना कर दीप प्रज्वलन किया गया।

मंच पर विराजमान डॉ. स्वामी परमार्थदेव जी एवं अतिथियों का पवित्र तुलसी माला से स्वागत किया गया। स्वामी जी ने देशभक्ति गीत से शिविर प्रारम्भ किया। प्राणायाम के लाभ को बताते हुए कहा कि योग से सिर्फ तन ही नही मन के भी विकार दूर होते हैं। व्यक्ति मानव से महामानव बनता है। सतत योग करने वाला व्यक्ति चिरस्थाई स्वस्थ तन मन का स्वामी बनता है। देश के भावी पीढ़ी युवा शक्ति को नशा के जाल से छुड़ाकर देशसेवा में लगाकर भारत को पुनः वैभवशाली राष्ट्र बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य हैं। दुनिया की सारे चिकित्सक दवाइयों के साथ योग करने का सलाह देते हैं और खुद करते भी हैं। योग हमारी आत्मशक्ति को जागृत करने का सशक्त माध्यम है।

**योग के बताएं लाभ :** स्वामी ने महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित योगसूत्रों द्वारा आसन, प्राणायाम, यम, नियम, ध्यान, धारणा की बारिकियों को अवगत कराया। योग शिविर उपरांत गोष्ठी के माध्यम से योग क्या है, योग के लाभ बताएं, जन- जन तक योग को पहुंचाने हेतु योगसाधकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किए। छत्तीसगढ़ योग आयोग प्रथम अध्यक्ष एवं भारत स्वाभीमान न्यास मुख्य राज्य प्रभारी संजय अग्रवाल, पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी मनोज पाणिग्रही, किसान सेवा समिति राज्य प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि योग समिति सह राज्य प्रभारी छबिराम साहू, सोशल मीडिया राज्य प्रभारी गीतांजलि पटनायक, सह राज्य प्रभारी राम शर्मा, भानूप्रताप साहू, वैदिक यज्ञ राज्य प्रभारी राकेश दुबे, जिला प्रभारी महासमुंद तिलक साव, संजू शर्मा सहित पतंजलि समिति के राज्य कार्यकारिणी समिति उपस्थित थे।

**इनकी रही उपस्थिति**

नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर और जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी ने सभी अंचलवासियों को नियमित योग हेतु प्रेरित किया। योग के माध्यम से निरोग रहने के सूत्र प्रदान करने के लिए स्वामी जी का धन्यवाद ज्ञापित किए। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कविता के माध्यम से स्वामी जी का अभिनंदन किया। भारत स्वाभीमान न्यास संरक्षक यशवंत यादव ने सारगर्भित शब्दों से आभार व्यक्त किया। सभी शिविरार्थियों ने दिव्य आयुर्वेदिक काढ़ा, स्वल्पाहार ग्रहण किया। कार्यक्रम की भव्य सफलता में पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा, शिक्षक मुरारी राम देवांगन, कुलेश्वर मरकाम, जिला पदाधिकारीगण शंकर लाल यद्रु, देवनारायण यद्रु, हरीश नेताम, पोखन ठाकुर, नरेन्द्र साहू, जागेश्वर ध्रुव, कीर्ति तारक, फनेंद्र साहू, हेमलाल पटेल, भोज पटेल, गणेश आजाद, चुरेन्द्र यद्रु, कृष्णेश यद्रु, संतोष, ललित साहू, होरीलाल,हीरा लाल साहू सहित सभी योग साधकों ने अहम योगदान दिया।

## विवेकानंद जयंती पर दौड़ और ऊंची कूद स्पर्धा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अभनपुर के तत्वावधान मे स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक दिवसीय दौड़ एवं उंची कूद प्रतियोगिता का आयोजन नया बस स्टैड के समीप स्थित खेल मैदान मे किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रक कुमार साहू ने खेल मैदान मे पहुंचकर विजयी प्रतिभागियो का उत्साह बढ़ाते उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सूबेदार मेजर सतीश कुमार ने थलसेना अग्निवीर मे भर्ती होने की भर्ती प्रक्रिया के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया एवं प्रधान आरक्षक ईश्वरी लाल गायकवाड़ ने पुलिस भर्ती व ट्रैफिक नियमों की बारिकियो की जानकारी दी। प्रतियोगिता के 2.5 किलोमीटर दौड़ के बालक वर्ग मे प्रथम लोमश ध्रुव कुरूद, द्वितीय प्रकाश साहू रायपुर, तृतीय स्थान ओमकार टेकारी रहे वही ऊंची कूद में प्रथम स्थान पूर्णेन्द्र यादव ,द्वितीय पनेश, तृतीय स्थान गौरव कोसले प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम कु. वेदोमति यादव टेकारी, द्वितीय सौम्या साहू नवापारा, तृतीय सिमरन, चर्तुर्थ स्थान पर पूजा सोनवानी अभनपुर रही। सभी प्रतियोगिता मे टॉप टेन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आन.कैप्टन गोवर्धन शर्मा, ऋषिराज साहू, एसएल साहू,बीआर साहू, पुरुषोत्तम प्रधान, लोकूराम तारक, प्रदीप साहू, गजमोहन साहू, रोहित कुमार साहू, केशव चौहान, नरेंद्र यादव, रोहित कुमार साहू, थलेन्द्र साहू,अश्वनी साहू, कमल नारायण मिश्रा, योगेश साहू, यश्वनी साहू, दीपक ध्रुवंशी हेमंत साहू उपस्थित रहे।

## सशिमं में मनाया गया विवेकानंद दिवस



**मुड़ागांव(कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर रानीपरतेवा में स्वामी विवेकानंद जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रो उच्चारण के साथ किया गया। उसके बाद प्रधानाचार्य हुमेश्वर सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें प्रतिदिन सुबह शाम योग करना चाहिए ताकि हमारा शरीर बलिष्ठ और स्वस्थ रहें। स्वामी विवेकानन्द के जीवनी सभी भैया बहिनों को बताया। उसके बाद साज सज्जा, मनोरम झांकी के साथ गली भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी गीता शुक्ला, ऋतु निषाद, होरीलाल निषाद, राधा साहू, लोकेश चौहान, लक्ष्मी नंदे, आसीन बाई ध्रुव एवं सभी भैया बहिनों का सहयोग रहा।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरा में मनाया गया युवा दिवस





**छुरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के ऊपर भाषण, कविता, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर तिलक लगाकर पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्रों ने बड़े उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं के छात्र गगन शर्मा ने प्रथम एवं 9 वीं के छात्र अक्षत जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कविता पाठ में कक्षा 9 वीं की छात्रा डुमेश्वरी यादव ने प्रथम एवं 8 वीं की छात्रा प्रियाशी चंद्राकार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए बच्चो को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ की अहं भूमिका रही।

## छात्रों ने खूंटाघाट जलाशय के शैक्षणिक भ्रमण में समझा प्रकृति का महत्व




**फिंगेश्वर।** फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के समस्त छात्र-छात्राओं को विज्ञान विभाग प्रमुख रितेश गोलछा के निर्देशन में रतनपुर, कानन पेण्डारी जूलॉजिकल पार्क एवं खुंटाघाट जलाशय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। सबसे पहले विद्यार्थियों ने चिड़िया घर में विभिन्न पशु-पक्षियों की उत्पत्ति का इतिहास, उनकी प्रजाति एवं विशेषताओ को जाना एवं विषय संबंधित प्रोजेक्ट तैयार करने हेतु जानकारी अर्जित की। वनस्पति शास्त्र के शिक्षक हिमांशु साहू ने छात्र-छात्राओं को इस पार्क में स्थित विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके पश्चात छात्र- छात्राओं को खुटाघाट जलाशय का भी भ्रमण कराया गया। जहां



भौतिकशास्त्र विषय के छात्रों को बांध मे संचित जल की स्थितिज ऊर्जा एवं जल की गतिज ऊर्जा से टरबाइन के माध्यम से कैसे विद्युत ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है, इसकी जानकारी दी गई। राजधानी रतनपुर में मंदिरों एवं अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। एवं उनके इतिहास की जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण में छगन रात्रे, अजय बंजारे, खेमलता सोनकर सहित 56 विद्यार्थी शामिल हुए।

## सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में किया गया पौधारोपण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 55 वें पुण्य तिथि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा ओम शांति भवन रानीपरतेवा तथा निषाद समाज रानीपरतेवा के संयुक्त तत्वाधान में सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर के सौंदरीकरण के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। समाज को यह संदेश दिया कि स्वस्थ एवं सुखी जीवन के लिए पर्यावरण को संरक्षित किया जाए और अधिक से अधिक पौधारोपण कियें जाएं ताकि जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम किया जा सके और स्वस्थ जीवन के लिए प्राण वायु मिलती रहे। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पटेल साधुराम निषाद, भूतपूर्व उपसरपंच धनसाय निषाद, राजयोगी बीके श्रवण कुमार, ब्रह्माकुमारी वंदना बहन, शिक्षक पुरनलाल निषाद, जेठूराम निषाद, गोवर्धन निषाद, कुलेश्वर दीवान, मधुसूदन साहू, महेश साहू, नंदनी पटेल, गंगा पटेल, कुंजरानी निषाद, योगराज मरकाम शामिल रहे।



## सेवा निस्वार्थ भाव से होना चाहिए



**मुडागाव(कोरासी)।** क्षेत्र के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 05 से 11 जनवरी तक छुरा तहसील के ग्राम जुनवानी में आयोजित किया गया था। जिसका समापन 11 जनवरी को हुआ। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में कामिनी ध्रुव सरपंच, ग्राम पंचसयत कनेसर रही। वहीं विशेष अतिथि ग्राम पटेल राम भरोसा ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि कृपा राम ध्रुव,पुष्कर देवान्ग, भानीबाई मांझी, बिसाहू ध्रुव, भारत राम नाथूराम मानिक पूरी, बिसंभर ध्रुव श्रवन दास, महिला समूह के अध्यक्ष एवं समस्त पंच गण की अस्तित्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सेवा निस्वार्थ भाव से होना चाहिए। सेवा में किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं चाहिए, यही, राष्ट्रीय सेवा योजना में रहकर छात्र सीखता है, अनुशासन, स्वावलंबन, अपने लक्ष्य का निर्धारण, समाज सेवा से व्यक्तित्व विकास, ग्रामीण परिवेश में रहकर जीवन यापन करना, अपना काम स्वयं करना, आदि गुणों का विकास स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना में होता है। छात्र जीवन में सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि गतिविधियों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# कृषि कॉलेज में मनाया गया युवा महोत्सव

**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू, अध्यक्षता डॉक्टर एन खरे विशिष्ट तिथि के रूप में क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी धनंजय नेताम, तहसीलदार खुमान सिंह ध्रुव कार्यक्रम मैं शामिल हुए।

भारत देश में प्रति वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।विकसित भारत लक्ष्य के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संयुक्त रूप से युवा शक्ति के रूप में कृषि महाविद्यालय द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि छात्रों हेतु पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं शॉर्ट वीडियो प्रिपरेशन इत्यादि का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के आरंभ में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर एन खरे द्वारा स्वागत उद्बोधन में राष्ट्रीय युवा दिवस और विकसित भारत के संकल्प को जोड़ते हुए कार्यक्रम के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला गया साथ ही देश में युवा शक्ति की संभावनाओं एवं संभावित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उद्बोधन के पश्चात डॉक्टर खरे ने विकसित भारत निर्माण हेतु महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको, अधिकारी कर्मचारी सहित सभी छात्रों को शपथ दिलाया। तत्पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी धनंजय नेताम ने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए छात्रों को स्वयं एवं समाज के विकास हेतु एक सोच एक विश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित करने के लिए छात्रों को मोटिवेट किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में धारिता साहू, स्लोगन राइटिंग में प्रज्ञा सिन्हा, पोस्टर मेकिंग में प्रियंका यादव, भाषण प्रतियोगिता में डॉली सायतोड़े, शॉर्ट वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में आयुष्मान, आकाश, सुदीक्षा, सुचित्रा, चेतना, रेणु और डॉली द्वारा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता मिश्रा द्वारा किया गया।




Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.

तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुरः मो. 9406004581
बिलासपुरः मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### ज्ञान विज्ञान मंदिर में शिक्षक व पालकों की बैठक



**पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)।** ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम मुड़ागांव में पालक एवं शिक्षकों की विशेष बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रिंसिपल नीलम साहू ने की विशेष बैठक का विषय बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय एवं घर में बच्चों से संबंधित क्रियाकलाप के बारे मे बताया गया। प्रिंसिपल, विषय शिक्षक, एवं पलकों के बीच बच्चों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी का आदान-प्रदान हुआ। जिससे बच्चों की हर क्रियाकलाप पर शिक्षक एवं पालक अवगत हो पाए। इस प्रकार विशेष बैठक में उपस्थित सक्रिय पलक बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी वर्ष में बहुत सी उम्मीद जताते हुए प्रिंसिपल नीलम साहू का धन्यवाद माना।

### भाड़ा विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों ने भाड़ा विवाद में एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभिषेक द्विवेदी ने शिवम कोल तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि शिवम तथा उसके साथी रविशंकर दानी की दुकान का किराया मांगने पहुंचे और उसके साथ विवाद कर मारपीट की। विनोद कुमार ने अभिषेक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। विनोद ने पुलिस को बताया कि अभिषेक ने उसे जबरन दुकान खाली करने विवाद करते हुए मारपीट की।

### ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। बाइक से जा रहे शंकर साहू तथा हरीश डहरिया की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार गेवरा नहर के पास शंकर तथा हरीश बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान ट्रक सीजी 06 जीएक्स 7769 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी।

### बैज ने किया कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का अनुमोदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कुछ जिला, शहर कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी का अनुमोदन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव द्वारा अनुमोदित सूची पर पीसीसी की मुहर लगी है। इसी प्रकार गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी को अनुमोदित किया गया है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दीपक टंडन की नियुक्ति का आदेश पीसीसी ने जारी किया है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मोदी सरकार डर रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, मणिपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरुआत के लिए पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गई, तो उसमें शर्तें लगा दी गईं, यह मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र है। मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ एकजुट हो, इसीलिए राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिए षड़यंत्र रचा जा रहा है। मोदी सरकार कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के लोगों की आवाज न दबेगी, न रुकेगी। श्री बैज ने कहा, देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं, वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है।

# परीक्षा पर की चर्चा, अर्ध वार्षिक परीक्षा परिणाम की रूपरेखा तैयार की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहेराबुड़ा विकासखंड गरियाबंद में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का बैठक प्रति माह की भांति जनवरी माह के द्वितीय सप्ताह में संपन्न हुई। जिसमें प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला का एक साथ बैठक आहूत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से परीक्षा पर चर्चा, अर्ध वार्षिक परीक्षा परिणाम, प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति मध्यान्ह भोजन व गणतंत्र दिवस की कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। उक्त बैठक में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तिहार सिंह धुव्र, ग्राम पंचायत सरपंच मनीष ध्रुव, संस्था के प्रधान पाठक जेपी देवांगन, शिक्षक प्रेम मार्कण्डेय, संकुल समन्वयक उमेश निर्मलकर तथा प्राथमिक शाला से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्य गण व संस्था के प्रधान पाठक श्रद्धा साहू ,कोषाध्यक्ष देव सुंदरी यादव तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### युवा दिवस पर खेलकूद का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद कर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहराबूड़ा में खेलकूद आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चे विभिन्न प्रकार के खेल लंबी कूद, ऊंची कूद, तवा फेक, गोला फेंक, भाला फेंक तथा कबड्डी में बढ़-चढ़ करके हिस्सा लिए और स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाकर नमन किया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक जयप्रकाश देवांगन के साथ शिक्षक प्रेमदास मारकंडे,नीता शर्मा, राधिका मट्टा और शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण उपस्थित रहकर स्वामी विवेकानंद के चिंतन, आध्यात्मिक दार्शनिक विचारों को स्मरण कर याद करते हुए बच्चों को उनके बताए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किए।



## देवी-देवताओं की पूजा कर क्षेत्र में खुशहाली के लिए की प्रार्थना की

# मड़ई मेला खुशियों और समृद्धि के साथ एकता का है प्रतीक : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





तहसील मुख्यालय मैनपुर से 11 किमी दुर नेशनल हाईवे मैनपुर गरियाबंद मार्ग मे बसा ग्राम धवलपुर में शनिवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। मड़ई मेला में देवी –देवताओं की पूजा -अर्चना कर पूरे क्षेत्र में सुख - शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना किया गया। देवी - देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई तथा मड़ई मेला में भारी उत्साह देखने को मिला। दूर –दूर से लोग यहां पहुंचे थे और दुकानों में जमकर खरीददारी भी हुई, इस दौरान अनेक प्रकार के मनोरंजन के केन्द्र झुला में बच्चों की भारी भींड रही और लोगों में भारी उत्साह तथा खुशी देखने को मिला।

**दुकानों में जमकर खरीदारी की :** मड़ई मेला कार्यक्रम में शामिल होने बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जनक ध्रुव ने देवी - देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना किया साथ ही पूरे मड़ई मेला में ग्रामीणों के साथ पैदल घुम- घुमकर अनेक दुकानों में, जमकर खरीदारी किया।

विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीण गदगद नजर आये। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि मड़ई मेला क्षेत्र में खुशिया और समृद्धि के साथ एकता का प्रतीक है, मड़ई मेला के माध्यम से हमारे समाज और युवा छत्तीसगढ की संस्कृति को सहजने का काम कर रहा है, मड़ई मेला में गांव के पारम्परिक संस्कृति से जुडा हुआ है। मड़ई मेला के दौरान अपने परिवार और रिश्तेदारों से लोग मिलने आते हैं, मेलजोल बढ़ता है और लोगों में भाईचारा एकता देखने को मिलती हैं।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच नारद ध्रुव, केदार दाउ, मिठ्ठु महिलांग, तुलेश राजपूत, हबीब मेमन, लखनगिरी गोस्वामी, जनपद सदस्य श्रीमती चंदा बारले, गुजरात कमलेश, नथन यादव, रोहीदास यादव, मनीराम यादव, तातूराम यादव, भुपेश यादव, नथन, हेमलाल बारले, यशवंत यादव, बजरंग यादव, बिसाहू सिन्हा, कन्दर्प प्रधान, के.एल ठाकुर, लोकेश ठाकुर, महेन्द्र नागेश, संतोश तिवारी, नितेश साहू, कन्हैया ठाकुर, गजेन्द्र चक्रधारी, नयन सिंह ठाकुर, भोज सोनवानी, सहित पुरे क्षेत्र के लोग बडी संख्या में शामिल हुए।

# अक्षत व पत्रिका का प्रत्येक घर में किया गया वितरण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** श्री अयोध्या धाम से आए अक्षत चावल और पत्रिका प्रत्येक घर में जाकर वितरण किया गया। ग्राम खडमा के सभी घरों में अक्षत चावल के साथ साथ प्रसाद वितरण भी किया गया तथा प्रत्येक घर जाकर बताया गया की राम मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन है तथा भगवान राम के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिस प्रकार कुछ वर्ष पहले प्रत्येक घर में जाकर राम मंदिर बनाने के लिए चंदा इकट्ठा कर खडमा क्षेत्र से 87 हजार रुपए अयोध्या धाम में बने मंदिर के लिए सहयोग किये थे। उसी प्रकार प्रत्येक घर जाकर अक्षत चावल और पत्रिका देकर राम मंदिर के उद्घाटन में सम्मिलित होने का न्योता दिया गया और 21 जनवरी को ग्राम खडमा में कलस यात्रा तथा 22 तारीख को पूजन पाठ सुंदर काण्ड पाठ का भी आयोजन किया जाना है।

जिसमे सभी ग्रामवासियों को सम्मिलित होने का निवेदन किया गया। इस पुनीत कार्य में ग्रामीण जानो का विशेष सहयोग रहा। जिसमें ग्राम खडमा के त्रिलोचन साहू, लक्ष्मीदास सोनवानी, प्रकाश सिन्हा पूर्णिमा कंवर, गुलशन सिन्हा, रवि साहू, अशोक साहू, लुकेश सिक्काः प्रमोद शर्मा, शंकर शाहनी, अभय लाल विश्वकर्मा, मंशा राम यादव, देवकी ध्रुव, भोकलू साहू, राधा दिवान, कीर्तन ध्रुव, कांति साहू आदि समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# मतदाता सूची पर जरूर अपना नाम जुड़वाएं : तहसीलदार



■ मैनपुर महाविद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**मैनपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैनपुर तहसीलदार सीताराम कंवर की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यपकों एंव छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान तहसीलदार सीताराम कंवर ने बताया कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर लिये प्रत्येक युवा अपने बीएलओं के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाये। मतदाता बनने के पश्चात हमें किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दुर रहना चाहिए ताकी सही प्रत्याशी को अपना बहुमुल्य मत दे सके। उन्होने मतदाता जागरूकता के सबंध में छात्र - छात्राओं को अनेक जानकारियां दी।

**महाविद्यालय में मनाया गया युवा दिवस :** नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान व प्राचार्य सुश्री गायत्री मरकाम के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पूजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने रासेयो प्रेरणा गीतों के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मयंक नेताम व ज्योति देववंशी ने अपने सुमधुर गीतों से युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति सजग होने की बात कही । भावेश साहू, पंकज कश्यप व मधु पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विवेकानंद का जीवन हमें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। इसी कड़ी में छात्र अंकिता सिन्हा, शीतल पाण्डेय ने कहा कि अभावों के बीच रहकर भी विवेकानंद का जीवन उत्कृष्ट रहा है, हमें भी अभावग्रस्त जीवन में भी प्रयास करते हुए व्यक्तत्वि की उत्कृष्टता निखारनी चाहिए। प्राचार्य सुश्री गायत्री मरकाम ने इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को युवा विकास के साथ राष्ट्र विकास को साकार करनें का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हमें जीवन में कभी असमंजस का सामना करना पड़े तो श्रेष्ठ महापुरूषो का विचार प्राप्त कर अपना मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मयंक नेताम ने किया।

### गोना में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह दिवस

**मैनपुर।** आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र गोना में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोना के स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया गया। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य अपने आसपास के लोगो को सड़क सुरक्षा के बारे में समझाना है। सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेवारी और हमे कैसे सड़क पर सुरक्षित रहना चाहिए इसे समझाकर आप अपने प्रियजनों की सुरक्षा कर सकते है। इसकी जानकारी शाला के शिक्षकों द्वारा दी गई। ततपश्चात बच्चों द्वारा कुछ जागरूकता संदेशो के जरिये लोगों एवं अपने प्रियजनों को जागरूक करने का शपथ लिया गया। इस मौके पर शिक्षक श्री सूरज प्रसाद पात्र, पेश्वर राम यादव, संतोष निषाद, आलोक शर्मा, राकेश एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।



# राज्यपाल से पूजा हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के तत्वाधान में राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार सत्र 2022-23 में राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र परीक्षा में सफल हुए स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राजभवन में राज्यपाल महामहिम विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के करकमल से सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें गरियाबंद जिला से हाई स्कूल रावड से चयनित गाइड पूजा साहू प्रतिनिधि के रूप में राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के करकमल से सम्मानित हुए एवं जिले के सफल प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राचार्य चैतन्य कुमार यदु ने बताया कि संस्था के स्काउट मास्टर गाइडर योगिता यादव के मार्गदर्शन में सत्र 22-23 में स्काउट यश कुमार साहू, दीपक पटेल, योगेश निषाद, गाइड पूजा साहू, भूमिका साहू, चांदनी साहू, साधना साहू, कामिनी पटेल, टिकेश्वरी साहू सहित कुल 09 स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में सफल हुए हैं।




# खेल जीवन का अभिन्न अंग है : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

■ ग्राम पंचायत मडेली में वॉलीबॉल स्पर्धा जारी

छुरा जनपद पंचायत के ग्राम मडेली में दो दिवसीय राज्य स्तरीय बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी लक्ष्मी साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी गजेंद्र ठाकुर सरपंच, भीखम ठाकुर उपसरपंच, खिलेश्वरी ध्रुव जनपद पंचायत सदस्य, मीरा ठाकुर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, जमुना तिलेश्वर ध्रुव थे।



इस अवसर पर लक्ष्मी साहू ने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है।

खेल जीवन का अभिन्न अंग है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन युवा संगठन और ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के खिलाड़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भेंडरी में हुआ जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम

# बर्बादी रोकने पेपर की दोनों तरफ प्रिंट कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





जनवरी माह के द्वितीय शनिवार को प्रार्थना पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में उपस्थित 102 बच्चों को शिक्षक रेखराम निषाद एवं प्रदीपकुमार साहू द्वारा व्यायाम, योग, ध्यान के विभिन्न आसन को सरल एवं सहज ढंग से कराया गया। योग, व्यायाम, ध्यान के विभिन्न आसन को करके बच्चे बहुत प्रसन्न हुए। बस्ताविहीन दिवस के अवसर पर जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए रिसाइक्लिंग, रियूस, रिड्यूस के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था कि शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा सुरक्षित शनिवार के तहत यूनिसेफ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए रिसाइक्लिंग रियूस रिड्यूस से सम्बंधित जिसमें सुकन्या, मोहन एवं खुशबू के पात्र द्वारा वार्तालाप के वीडियो बच्चों को दिखाया गया। तत्पश्चात शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए रिसाइक्लिंग रियूस रिड्यूस की जानकारी पर दिखाए गए वीडियो के आधार पर बच्चों के साथ चर्चा परिचर्चा कर जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण के प्रमुख उद्देश्यो को बताया गया की पेपर की बर्बादी को कम करने के लिए कागज के दोनों तरफ प्रिंट करें। प्लास्टिक से डिस्पोजल, प्लेट, चम्मच,ग्लास,कप और नैपकिन के उपयोग से बचे कोई भी सामान खरीदते समय प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े का बैग का इस्तेमाल करे।

### बच्चों का लिया गया मॉक टेस्ट

जवाहर नवोदय विद्यालय सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में संचालित संकुल स्तरीय कोचिंग सेंटर में आज भेंडरी से उपस्थित 14 बच्चों का मॉक टेस्ट लिया गया। जिसमें लक्ष्मी साहू ने प्रथम, हर्षिता साहू ने द्वितीय एवं चंचल साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेष बच्चों का स्तर औसत रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधानपाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन शिक्षक प्रदीप कुमार साहू ने किया। शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में संचालित कोचिंग केंद्र में संकुल संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा,भागचंद चतुर्वेदी, रेखराम निषाद, लालजी सिन्हा, प्रदीप कुमार साहू, कोचिंग क्लास में उपस्थित रहे।

